अज अदालत राजस्व अपील प्राधिकारी, अजमेर

तारीख पेशी	हुक्म या कार्यवाही मय हस्ताक्षर श्री सीताराम रावत / मंगलाराम चौधरी	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील जारी हुए
18.11.2025	राजवीर बनाम गलकू (2023 / 331) यह पत्रावली अभिभाषक अपीलांट द्वारा प्रार्थना पत्र बाबत अपील की शीघ्र सुनवाई की जाकर अपील को आगे नहीं चलाये जाने से विड्रो फरमाने वास्ते पेश किये जाने से आज तलब की गई। अभिभाषक अपीलांट ने प्रार्थना पत्र बाबत निवेदन किया कि विद्वान परीक्षण न्यायालय के समक्ष विचाराधीन मूलवाद का निस्तारण राजीनामानुसार वाद खारिज हो चुका है तथा प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 212 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम के विरूद्ध प्रथम अपील माननीय न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है तथा उक्त अपील को अपीलांट आगे चलाना नहीं चाहता है एव ना ही उक्त अपील में आगे कार्यवाही चाहते है तथा अपील को इसी स्तर पर विड्रो करवाना चाहते है। अभिभाषक अपीलांट द्वारा प्रार्थना पत्र बाबत अपील की शीघ्र सुनवाई की जाकर अपील को आगे नहीं चलाये जाने से विड्रो फरमाने वास्ते पर की गई बहस पर मनन किया एवं प्रार्थना पत्र का अवलोकन किया गया। बाद अवलोकन हमने पाया कि अधीनस्थ न्यायालय के समक्ष विचाराधीन मूल वाद विड्रो किया जा चुका है तथा न्यायालय हाजा के समक्ष विचाराधीन अपील प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 212 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम के विरूद्ध अन्तगर्त धारा 225 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम के तहत पेश की गई है। जो कि मूल वाद का निस्तारण हो जाने के कारण सारहीन हो चुकी है। अतः अपील अपीलांट मूल वाद का निस्तारण हो जाने के कारण सारहीन होने से खारिज की जाती है। पत्रावली फैसलशुमार होकर नम्बर से कम हो।	

Scanned with CamScanner

न्यायालय राजस्व अपील अधिकारी महोदय,अजमेर (राज.)

अपील संख्या 331/2023 जिला अजमेर

2023 | 331

1. राजवीर सिह पुत्र लक्ष्मणसिंह
2. रेखा पुत्री लक्ष्मणसिह
3. सीमा पुत्री लक्ष्मणसिंह
4. माया पुत्री लक्ष्मणसिह समस्त जातिगण रावत निवासी ग्राम पिचौलिया तहसील पीसांगन हाल निवासी खानपुरा तहसील व जिला अजमेर

राजस्व अपील अधिकारी
अजमेर

अपीलार्थीगण / अप्रार्थीगण

बनाम

2023 | 331
2/11/23

1. प्रलकू पत्नि उगमसिंह जाति रावत निवासी ग्राम पिचौलिया तहसील पीसांगन हाल निवासी खानपुरा तहसील व जिला अजमेर
2. कमला पत्नि शैतानसिह
3. रूकमा पत्नि किशनसिह
4. लक्ष्मणसिंह पुत्र उगमसिंह
5. मेवासिंह पुत्र उगमसिंह
6. ज्ञानसिंह पुत्र उगमसिंह समस्त जातिगण रावत निवासी ग्राम खानपुरा तहसील व जिला अजमेर
7. कमला पत्नि मोहनसिह जाति रावत निवासी ग्राम खाजपुरा तहसील व जिला अजमेर
8. मन्ना पत्नि रतनसिंह जाति रावत निवासी ग्राम खानपुरा तहसील व जिला अजमेर
9. विमला पत्नि शैतानसिह जाति रावत निवासी ग्राम गनाहेडा तहसील पुष्कर जिला अजमेर
10. प्रबंधन स्टेट बैंक आफ इंडिया शाखा तबीजी तहसील व जिला अजमेर
11. प्रबंधक, बैंक आफ बडौदा शाखा पीसांगन तहसील पीसांगन जिला अजमेर
12. प्रबंधक, स्टेट बैंक आफ इंडिया शाखा एचएमटी ब्यावर रोड अजमेर
13. उपपंजीयक अधिकारी, पीसांगन तहसील पीसागन जिला अजमेर
14. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार ~~नसीराबाद~~ पीसांगन जिला अजमेर

Scanned with CamScanner

रेस्पोडेन्टगण

अपील अन्तर्गत धारा 225 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 विरूद्ध न्यायालय उपखण्ड अधिकारी पीसांगन द्वारा पारित आदेश दिनांक 27.10.2023 उनवान राजवीरसिंह व अन्य बनाम गलकू व अन्य प्रकरण संख्या 16/2023 के विरूद्ध बाबत

श्रीमानजी,

माननीय न्यायालय से अपीलार्थीगण की ओर निम्न निवेदन है कि:–

1. यह कि अधिनस्त न्यायालय के समक्ष अपीलार्थीगण के द्वारा राजस्व वाद एंव धारा 212 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया के संक्षेप्त में तथ्य इस प्रकार है कि ग्राम पिचौलिया तहसील पीसांगन में स्थित भूमि के खाता संख्या 143/136 के हाल खसरा नम्बर 1111 रकबा 0.28, 1112 रकबा 0.59, 1113 रकबा 0.09, 1114 रकबा 3.50, 1162 रकबा 0.41 भूमि का अप्रार्थी संख्या 1 का 1/3 हिस्सा व अप्रार्थी संख्या 2 का 1/3 व अप्रार्थी संख्या 3 का 1/3 सहिस्सेदार के रूप मं दर्ज चला आ रहा है तथा प्रार्थीगण के दादा उगमसिंह का स्वर्गवास हो चुका है तथा वादीगण अप्रार्थी सख्या 1, 4 से 9 का संयुक्त सहहिस्सेदारान पुश्तैनी भूमि में हक व हिस्सेदारान है जिससे प्रार्थीगण को अप्रार्थी संख्या 1 के 1/3 हिस्सा में वारिस होने से हक व हिस्सा होने से निहित है। जो हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम के अनुसार खातेदारी द्वारा के लिये वाद के साथ में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया जिसमें स्थाई निषेधाज्ञा अप्रार्थीगण के विरूद्ध पारित कराने के लिये प्रार्थना की गयी के प्रार्थना पत्र में अप्रार्थी संख्या 1 से 3 व 5 से 9 के द्वारा भूमि कयशुदा होने का जवाब प्रस्तुत किया गया तथा उभयपक्ष की बहस सूनते हुऐ दिनांक 27.10.2023 को अस्थाई निषेधाज्ञा प्रार्थना पत्र प्रार्थीगण का

Scanned with CamScanner